प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने आज नई दिल्ली में बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल की शुरूआत की। यह आंगनबाड़ी स्तर पर कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्यक्रम है जिसमें रेफरल, पोषण प्रबंधन और अनुवर्ती देखभाल पर ध्यान देना शामिल हैं। कुपोषण तब होता है जब किसी व्यक्ति के आहार में शरीर के समुचित कार्य के लिए आवश्यक पोषक तत्वों और ऊर्जा की कमी होती है। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनका उपचार मिशन पोषण के दूसरे चरण का एक अभिन्न पहलू है।

इस अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो प्रखंड के रेंगरहातू आंगनबाडी केंद्र की सेविका गीता पूर्ति को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अति कुपोषिति बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भेजने और पोषण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

*******************

झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में पुलिस उपाधीक्षकों और जिला समादेष्टाओं की सातवीं से दसवीं बैच के अधिकारियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह में 39 पुलिस उपाधीक्षक और 14 जिला समादेष्टाओं को शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए।

*******************

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने तीरंदाजी टीम के एशियाई खेलों के पदक विजेताओं, प्रशिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को आज सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी दल के 16 खिलाडियों ने मिश्रित टीम और व्यक्तिगत स्पर्द्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं।

*******************

दुर्गा पूजा के मद्देनजर धनबाद में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयीं हैं। इस संबंध में धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने पत्र लिखकर आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के मुताबिक दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि–व्यवस्था संधारण के लिए किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। विशेष परिस्थिति में आरक्षी, हवलदार संवर्ग के कर्मियों का अवकाश संबंधित डीएसपी, एसडीपीओ एवं पुलिस पदाधिकारियों का अवकाश अधोहस्ताक्षरी के स्तर से स्वीकृत किया जायेगा।

*******************

गुमला जिला प्रशासन सिक्किम सरकार के सहयोग से गुमला जिले के एक सौ मजदूरों सकुशल वापस ले आया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

कोडरमा जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आज होली फैमिली स्थित जीवो दया में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मौके पर प्राधिकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक रोगियों के बीच पोषण किट और दैनिक इस्तेमाल की सामग्री बांटी गयी। जीवो दया संस्था में समाज और परिवार से ठुकराई गयी मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं को आसरा दिया जाता है और वहां उनकी देखभाल भी की जाती है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि मानसिक रूप से कमजोर इन महिलाओं को दवा से ज्यादा सहानुभूति की जरूरत है।

*******************

खूंटी जिले में नशामुक्ति अभियान के तहत मुरहू प्रखंड अंतर्गत कोड़ाकेल पंचायत के कोलोम्दा गांव में स्थानीय स्तर पर गांव को नशामुक्त करने के साथ–साथ क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों के जरिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। क्षेत्र के ग्राम प्रधान अर्जुन पाहन के अनुसार इन गतिविधियों का असर यह हुआ है कि गांव में नशापान करने वालों की संख्या 25 से 30 प्रतिशत तक घटी है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि जल्द ही कोलोम्दा गांव नशामुक्त होकर विकास की पथ पर आगे बढ़ेगा।

********समाप्त********